जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के वानिकी छात्रों की हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला में शैक्षणिक भ्रमण की रिपोर्ट

Report on the Educational Tour of B.Sc. Forestry Students from Jawahar Lal Agricultural University, Jabalpur to HFRI, Shimla

जवाहर लाल नेहरू, कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के सत्रह वानिकी स्नातक विषय के विद्यार्थी समूह ने 20 दिसम्बर, 2024 को भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला का दौरा किया। **डॉ. जोगिंदर सिंह , मुख्य तकनीकी अधिकारी** नें उन्हें संस्थान की अनुसंधान और विस्तार गतिविधियों मुख्यतः संस्थान द्वारा विकसित प्रौद्योगिकी, विस्तार गतिविधियों एवं वर्तमान में चल रही अनुसंधान गतिविधियों/विविध परियोजनाओं के बारे में संकाय व छात्रों को अवगत करवाया। श्री कुलवंत राय गुलशन, तकनीकी सहायक नें छात्रों को **मिशन लाइफ** की विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। जिसमें विशेषतः स्वस्थ जीवन शैली अपनाना, मोटे अनाज का उपयोग, सार्वजनिक परिवहन के उपयोग को अधिकतम करने और ऊर्जा संरक्षण के लिए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों का विवेकपूर्ण उपयोग और उनके खराब होने पर ई० वेस्ट/इलेक्ट्रॉनिक कचरा के उचित निपटान के महत्व के बारे में बताया गया। इसके बाद विद्यार्थियों को वनस्पति संग्रहालय और प्रौद्योगिकी प्रदर्शन केंद्र ले जाया गया तथा वहाँ पर हर्बेरियम प्रोटोकॉल और संस्थान द्वारा विकसित तकनीकों एवम उत्पाद की जानकारी सांझा की गई। श्री राजेंद्र पाल भाटिया तकनीकी सहायक एवं श्री स्वराज सिंह तकनीशियन ने दौरे को करवाने मे सहयोग किया।

भा.वा.अ.शि.प.-हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान

****